# महिलाओं की त्रिवेणी से कॉलिंग बोरी कुण्डी की हुई सफाई

**बागली।** बागली नगर की आरंभिक बसावट में शामील चोड़ी गलियों के साथ-साथ प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल के लिए उपलब्ध कुन्डीयो(जल स्त्रोत) के विषय में भी प्रसिद्ध रही हाल ही में गंगाजल संवर्धन मिशन के तहत बागली नगर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित 100 वर्ष पुरानी भरपूर जल स्त्रोत वाली कुण्डी की सफाई की गई।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि यह स्थान धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर 150 वर्षों से भी अधिक पुरानी नीम पीपल बरगद की त्रिवेणी है। जहां प्रत्येक तीज त्योहार पर महिलाएं पूजा करती है। इस त्रिवेणी संगम जल स्त्रोत पर तीन महिलाओं के त्याग की भी त्रिवेणी है ।प्रथम महिला जिनका नाम बोरी बाई था उनके प्रयासों से आर्थिक मदद और श्रमिक सहयोग से इस पेयजल स्त्रोत का निर्माण हुआ था।




और उन्हीं के नाम पर यह स्थान बोरी जी की कुन्डी कहलाया दूसरी महिला जिन्होंने इस जल स्त्रोत का संरक्षण बखूबी निभाया वह महिला ब्राह्मण समाज की सुंदर मां थी। वह प्रतिदिन इस स्थान की साफ सफाई करती और किसी को भी इस स्थान पर गंदगी करने की इजाजत नहीं देती तथा प्रतिदिन पूजा पाठ करते हुए इसकी पवित्रता को बनाए रखा तीसरी महिला दिवंगत आत्मा अन्नपूर्णा देवी बजाज रही जिनकी स्मृति में बजाज परिवार द्वारा बडरेश्वर महादेव परिवार की स्थापना करते हुए इस स्थान को और भी अधिक पूज्य लिए बना दिया त्रिवेणी संगम स्थान पर स्थित प्राचीन कुण्डी की सफाई जल गंगा संवर्धन सफाई अभियान के तहत रविवार 23 मई को की गई इस दौरान नगर परिषद महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागली नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि कमल यादव पार्षद रजत बजाज सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप पडियार पूर्व पार्षद श्यामा तोमर शिव उपाध्याय इशान उपाध्याय दिनेश शर्मा सहित वार्ड क्रमांक 12 से जुड़े पेयजल लाभान्वित नागरिक उपस्थित रहे इस दौरान कमल यादव ने बताया कि वह भी इसी मोहल्ले में लंबे समय तक निवासरत रहे और यह जल स्त्रोत गर्मी के दिनों में भी सूखता नहीं था इसलिए इसके पानी का उपयोग उनके साथ-साथ बाजार क्षेत्र के सभी व्यापारी करते रहे प्राचीन त्रिवेणी होने के कारण नगर से जुड़े अधिकतर धार्मिक आयोजन जिसमें दशा माता पूजन वट सावित्री पूजन और अन्य धार्मिक पूजन इसी स्थान पर होते रहे यह बड़ी खुशी की बात है कि पर्यावरण की त्रिवेणी के साथ-साथ मातृशक्ति की त्रिवेणी का सहयोग भी इस स्थान के महत्व को बढ़ा रहा है। बताया कि वह पुरातत्व विभाग को भी पत्र लिखकर मांग करेंगे कि ऐसी धरोहर को संरक्षित करने के लिए शासन विशेष पहल करें।

# नर्मदा किनारे बसे छोटे से गांव देवझिरी से निकली दो अद्‌भुत प्रतिभाएं, भाई-बहन दोनों बने डॉक्टर

**बागली/पिपरी।** सीता वन क्षेत्र की प्राकृतिक महिमा सभी ने सुनी है। लेकिन यहां से निकली प्रतिभाएं भी क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। इन्हीं प्रतिभाओं में शामिल मनीष कैलाश चौहान और कुमारी करिश्मा कैलाश चौहान ने 2018 तथा करिश्मा कैलाश चौहान ने 2019 में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए एमबीबीएस की पढ़ाई आरंभ की।

शिक्षक कैलाश चौहान के पुत्र मनीष चौहान ने हमीदिया कॉलेज भोपाल में तथा पुत्री करिश्मा चौहान ने इंटेक्स कॉलेज इंदौर में एमबीबीएस कोर्स दाखिला लिया क्रमश 7-8 वर्षों में दोनों भाई-बहनो ने एमबीबीएस(डॉक्टर) डिग्री सफलता पूर्वक पास करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया रविवार को दोनों भाई-बहनों का देव झीरी( घर )आगमन पर इष्ट मित्र



सहित परिजनों ने पुष्पहारों से स्वागत करते हुए मिठाई खिला कर खुशियां मनाई उनकी इस सफलता पर बागली विधायक मुरली भंवरा पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी बोल बम कावड़ यात्रा के संयोजक गिरधर गुप्ता, नानूराम बून्दड, बृजेश शर्मा भारत भाटी रतन सिंह सेन्धव, राज नारायण मिश्रा शिक्षक वारिस अली राकेश नागोरी सुनील योगी गोविंद चौहान गिरजेंद्र वर्मा सहित क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिक्षक कैलाश चौहान और पूरे परिवार को बधाई दी है।

## एक नजर में

### रीवा से पुलिस ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे जवानों का किया स्वागत

**सोनकच्छ।** ग्राम भागसरा के राजपाल सेंधव एवं राजकुमार सेंधव के रीवा से आरक्षक पद की ट्रेनिंग पूर्ण कर गांव लौटने पर ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। दोनों युवाओं के मध्यप्रदेश पुलिस में चयन को गांव के लिए गर्व और सम्मान की बात बताया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गजराज सिंह के दोनों पुत्रों ने मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल कर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में दोनों जवानों का फूलमाला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बाबूलाल धाकड़, सरपंच दिलीप बाबूलाल, हरिसिंह, महेश, पिंकेश धाकड़, कमल सिंह धाकड़, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह धाकड़, राजेश, राजकुमार एवं संदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह धाकड़ ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### बुजुर्ग महिला से घर में घुसकर मारपीट, आदतन अपराधी सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज

**लोहारदा।** नगर के लोहारदा क्षेत्र में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत और जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ने शिकायत में बताया कि उनके घर के सामने खड़े वाहन को टक्कर मारने के बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसके बाद राजेश बराया उर्फ सूर्या ओर उसकी पत्नी, राजेश पिता बसंत यादव,ओर दो अन्य ने घर में घुसकर महिला के साथ एवं उनके पुत्र के साथ मारपीट की। फरियादी के आवेदन पर पुलिस ने जांच उपरांत अपराध क्रमांक- 0198/2026 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 281, 296(बी), 3(5), 333 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी पक्ष का आरोप है कि शिकायत देने के बाद से ही उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित परिवार ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। स्थानीय लोगों के अनुसार राजेश बराया उर्फ सूर्या क्षेत्र का आदतन अपराधी माना जाता है, जिसके खिलाफ पूर्व में विभिन्न थानों में जुआ, मारपीट और अन्य मामलों में कई अपराध दर्ज बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### भीषण गर्मी में जल संकट, सोनकच्छ में अब दो दिनों में होगा जल वितरण, जल व्यर्थ करने पर एक हजार जुर्माना

**सोनकच्छ।** ग्रीष्म ऋतु के चलते कालीसिंध नदी का जलस्तर लगातार घटने से नगर में पेयजल संकट गहराने लगा है। इसे देखते हुए नगर परिषद ने जल वितरण व्यवस्था में बदलाव करते हुए सोमवार से नगर में दो दिन के अंतराल से पानी सप्लाई करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था वर्षा ऋतु आने तक लागू रहेगी। नप द्वारा जारी सूचना में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने रोजमर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त पानी का संग्रह कर रखें तथा पानी का दुरुपयोग न करें। जल समस्या को देखते हुए भवन व अन्य निर्माण कार्यों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही वाहनों को धोने, भवनों व दुकानों के सामने पानी का छिड़काव करने तथा नालियों में खुली टोटी से पानी बहाने पर रोक लगाई गई है। नगर परिषद ने पशुओं को नहलाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति पेयजल का अपव्यय करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध एक हजार का अर्थदंड लगाते हुए चालानी कार्रवाई की जाएगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### जयंती माता मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष गोयल का निधन

**सतवास।** देवास जिले के सतवास में गोला वाले सेठ के नाम से प्रसिद्ध जयंती माता मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष एवं सतवास गोशाला के पूर्व अध्यक्ष, सतवास नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार गोयल और सतवास व्यापारी संघ के अध्यक्ष हेमू गोयल के पूज्य बाबूजी सत्यनारायण गोयल गोला वाले का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिमयात्रा में सतवास ओर आस पास से बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को उनके निवास पर चलित उठवाना रखा गया उठवाने में बड़ी संख्या में सतवास अंचल से उनको चाहने वालों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



कन्नौद खातेगांव के विधायक आशीष शर्मा, कांग्रेस नेता ओम पटेल, सतवास नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि, सतनाम सिंघ बग्गा अजय कुमार व्यास,सदर, राजेंद्र जयनारायण यादव, अंकित जायसवाल,नारायण व्यास, जितेंद्र मित्तल, वहीद सदर, नारायण सोनी, अमर जीत सिंह चड्डा, अनिल सेवर,वीरू बंसल, नारायण जाट,रमजान खान, सहित बड़ी संख्या में नागरिके ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सफल सर्जरी कर महिला के पेट से निकली विशाल गांठ

**इंदौर.** हाल ही में एक जटिल और दुर्लभ मेडिकल केस का केयर सीएचएल हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जिसने डॉक्टरों के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी थीं. मरीज़ पेट में तेज दर्द और अत्यधिक ब्लीडिंग की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी. शुरुआती जांच में सामने आया कि उसके पेट में फुटबॉल के आकार की विशाल गांठ मौजूद है, जिसे फाइब्रॉइड कहा जाता है. मामले की जटिलता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि मरीज को करीब 4 महीने पहले दिमाग से जुड़ी गंभीर समस्या हो चुकी थी. इसमें न्यूरोलॉजी विभाग से डॉ. मनोरंजन बरनवाल की विशेष निगरानी एवं परामर्श में मरीज का प्रबंधन किया गया. मरीज़ की स्थिति स्थिर होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी की योजना बनाई. सावधानीपूर्वक किए गए ऑपरेशन के दौरान मरीज के पेट से लगभग 2.5 से 3 किलो वजनी फुटबॉल के आकार की विशाल फाइब्रॉइड एवं बच्चादानी को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया. केयर सीएचएल हॉस्पिटल की सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजी लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नीना अग्रवाल, ने कहा यह केस इसलिए चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मरीज़ हाल ही में वीनस हेमोरैजिक इन्फार्क्ट से गुजरी थी और ब्लड थिनर पर थी. ऐसे में सर्जरी का सही समय तय करना सबसे महत्वपूर्ण था और इसके लिए मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के साथ विस्तृत योजना बनाई गई. सही समय पर ऑपरेशन कर लगभग 2.5 से 3 किलो की फुटबॉल के आकार की विशाल गांठ को सुरक्षित तरीके से निकाला गया. फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर है।

# राजपूत महापंचायत के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का जगह-जगह किया स्वागत

**सोनकच्छ। हाल ही में श्री राजपूत महापंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा में समीपस्थ ग्राम बीसाखेड़ी निवासी राठौड़ को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद रविवार को समाजजनों एवं इष्टमित्रों द्वारा उनके सम्मान में भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई।**

स्वागत यात्रा बीसाखेड़ी स्थित ग्रह निवास से प्रारंभ हुई। सांवेर पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा के नेतृत्व में राठौड़ का साफा बांधकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंडल महामंत्री राहुल धाकड़, उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, रामप्रताप सिंह बघेल, हितेश जाजू ने दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं



मित्रों ने राठौड़ का स्वागत किया। स्वागत यात्रा महाराणा प्रताप चौक पहुंची जहा राजपूत समाज के बैनर तले समाजजन ने राठौड़ को साफा बांधकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके पश्चात युवराज ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर साफा बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके बाद यात्रा परिणय गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका संचालन अमर सिंह तंवर ने किया। उपस्थित समाजजनों ने राठौड़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देवास जिला अध्यक्ष अजय सिंह चावड़ा, शाजापुर जिला अध्यक्ष एलम सिंह, जितेंद्र सिंह सिसोदिया, अजय सिंह बघेल, तेज सिंह बघेल, रणधीर सिंह बघेल, श्याम सिंह बघेल, मोहन सिंह बघेल, विजय सिंह बघेल, कृष्णपाल सिंह बघेल, नितिन सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह मोडरिया, आनंद सिंह बघेल, अजय सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह बघेल, जीतू नारोलिया, राजूप्रताप सिंह गौड़, मनोज जी बैंस, विनोद सिंह गौड़, गजेंद्र सिंह गौड़, सवाई सिंह ओढ़नी, शिवपाल सिंह बीसाखेड़ी, रोहित सिंह गौड़, गोविंद सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**बीएमओ बोले : कर्मचारियों ने रुपए लिए मेरे लोगों ने नहीं**

# नर्स और आया ने प्रसूता महिला के परिजन से लिए थे रुपए, भाजपा नेताओं ने वापस करवाए...

**सोनकच्छ।** क्षेत्र का सिविल अस्पताल हमेशा सुर्खियों में बना रहता है कभी इलाज को लेकर तो कभी लापरवाहियों को लेकर अब इस बार रुपयो के लेनदेन को लेकर सिविल अस्पताल की नर्स और आया का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि सोनकच्छ क्षेत्र की प्रसूता महिलाएं डिलीवरी के लिए जब सिविल अस्पताल आती है तो डिलीवरी करवाने के नाम पर मेटरनिटी वार्ड में पदस्थ नर्स, आया और अन्य स्टाफ द्वारा प्रसूता महिलाओं की परिजनों से राशि वसूलते हैं लड़की हुई तो कम राशि और अगर लड़का हुआ तो मोटी राशि वसूली जाती है कुछ ऐसा ही मामला शनिवार की रात को देखने को मिला जब तीन प्रसूता महिलाओं से डिलीवरी के नाम पर उनके परिजनों से दो हजार की वसूली की गई। जिसकी शिकायत रोगी कल्याण समिति के सदस्य व भाजपा नेता तक पहुंची। जनप्रतिनिधि सिविल



अस्पताल पहुंचे व प्रसूता महिलाओं की परिजनों से चर्चा की। रुपए लेने वाली नर्स और आया को चेतावनी दी गई और लिए गए रुपए को तुरंत वापस करने को कहा गया। जिसके बाद नर्स ओर आया ने प्रसूता महिलाओं के परिजनों को रुपए वापस कर दिए। घटना का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद आया और नर्स पर कार्रवाई की मांग उठने लगी। जब इस मामले में बीएमओ अनिल राव से चर्चा कि तो कैमरे के सामने बोलने से इनकार कर दिया है और कहने लगे कि मेरे कर्मचारियों ने रुपये नहीं लिये है सरकार के कर्मचारियों ने रुपये लिए है जो कार्रवाई करना है सरकार को करना है मुझे नहीं करना है।

# महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र को युवाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता : पं.गौतम

**सोनकच्छ।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नागेश्वर धाम ठिकाना एनाबाद में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास पंडित अर्जुन गौतम ने कहा राष्ट्र गौरव महाराणा प्रतापजी के जीवन को आत्मसात करने की आवश्यकता आज के युवा को है। महाराणा प्रताप जी ने घास की रोटी खाकर धर्म को बचाया।

भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने का काम किया महाराणा प्रताप जी के जीवन से राष्ट्र प्रेम सीखने की आवश्यकता है। कथा में ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन वामन अवतार मत्स्य अवतार का वर्णन किया। राम जन्म की कथा का वर्णन करके चतुर्थ दिवस में प्रसंग अनुसार श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही वासुदेव बने हुए नरेंद्रसिंह पंडाल में बालकृष्ण को लेकर प्रवेश किया तो नंद घर आनंद भयो जय घोष से पंडाल गूंज उठा। हल्दी से होली खेली गई व माखन



मिश्री के प्रसाद का वितरण किया गया। कथा शुभारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन नागेश्वर धाम के पडियार महाराज जितेंद्रसिंह गोहिल ने किया। आयोजन समिति के दीपक नायक व शुभम कारपेंटर ने बताया विश्राम आरती के पूर्व व्यासपीठ का पूजन यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी, पं.ओमप्रकाश गौतम, राहुलसिंह सिसोदिया, ऋषभसिंह सिसोदिया, प्रदीपसिंह सिसोदिया झलारिया, रोहितसिंह पंवार, नरवलसिंह राठौड़ बीसाखेडी आदि ने किया। धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया सोमवार को कथा में श्री गिरिराज पूजन व 56 भोग का नैवेद्य समर्पित किया जाएगा।

# महिलाओं के समूह ने मेट्रो ट्रेन में की किटी पार्टी

**▸ मॉम्स इन मेट्रो' थीम पर हुआ आयोजन**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मेट्रो में शनिवार को एक महिलाओं के एक समूह ने चलती मेट्रो ट्रेन में किटी पार्टी आयोजित की. गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 के बीच संचालित ट्रेन में 48 महिलाओं ने यात्रा के दौरान संगीत और खेलों के साथ खास अंदाज में समय बिताया.

मेट्रो में सेलिब्रिशन ऑन व्हील योजना के तहत शनिवार को पहली बुकिंग मिली. इसमें महिलाओं के समूह ने किटी पार्टी मनाई. सुखलिया क्षेत्र की महिलाओं के समूह 'हाउस ऑफ क्वींस' ने इस आयोजन को 'मॉम्स इन मेट्रो' थीम पर आयोजित किया. महिलाओं ने मेट्रो कोच को गुब्बारों से सजाया और यात्रा के दौरान




विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया. यात्रा के दौरान संगीत, खेल और हंसी-मजाक का माहौल बना रहा. इंदौर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार मेट्रो कोच को निजी आयोजनों के लिए बुक कराने में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है. निगम को प्रतिदिन 10 के लगभग पूछताछ आ रही हैं. सबसे अधिक मांग जन्मदिन समारोह, किटी पार्टी और प्री-वेडिंग फोटो शूट जैसे आयोजनों के लिए सामने आ रही है.

### सेवा वही सार्थक होगी, जिसमें कल्याण का भाव हो

**इंदौर.** भगवान का कोई भी सखा कभी गरीब नहीं रह सकता. भक्ति और धर्म एकदूसरे के पूरक और पर्याय हैं भक्ति और सेवा वही सार्थक होगी, जिसमें सबके कल्याण और भले का भाव हो. जिस भक्ति या सेवा में लोक कल्याण का भाव नहीं होता, वह प्रकल्प पाप कर्म की श्रेणी में माना जाता है. ये विचार हैं भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के, जो उन्होंने सप्तऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गत 17 मई से खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण सुदामा मैत्री एवं भागवत पूजन प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए। कथा में कृष्ण सुदामा मैत्री का भावपूर्ण उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। मातृशक्ति ने नाचते-गाते हुए मित्रता के इस भावपूर्ण प्रसंग को आत्मसात किया.



# अवैध रूप से ले जाई जा रही आरकाट चिरान लकड़ी पकड़ी

**▸ वन विभाग की टीम ने छोटा बांगड़दा चौराहे पर की कार्रवाई**

**इंदौर.** वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन को जब्त किया है. कार्रवाई छोटा बांगड़दा चौराहे पर की गई, जहां मुखबिर की सूचना पर वाहन को रोककर जांच की गई. रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि वाहन नम्बर एमपी 09 जीएच 7909 को रोककर तलाशी लेने पर उसमें आरकाट प्रजाति की चिरान लकड़ी भरी पाई गई. पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि वह लकड़ी को धार रोड से सांवेर रोड की ओर ले जा रहा था. जांच के दौरान चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं बता सका. इसके बाद वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया और संबंधित के खिलाफ पीओआर (प्रोटेक्शन ऑफ फॉरेस्ट) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.